दैनिक जागरण 22/09/24

पेंटिंग में खुशी व स्लोगन में राधिका प्रथम

पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी कालेज स्टाफ के साथ। • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में महिला सैल द्वारा कन्या भ्रूण हत्या, महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, दहेज प्रथा, और विज्ञान में महिलाएं जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य इन सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए युवा पीढ़ी को प्रेरित करना था। महिला सैल एवं प्रतियोगिता संयोजिका डा. नेहा अग्रवाल ने बताया कि डा. नियती एवं डा. नीना ने सहयोग किया, जबकि डा. पिंकी गुप्ता एवं डा. रितु गुप्ता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीबीए द्वितीय वर्ष की खुशी, द्वितीय स्थान बीबीए प्रथम वर्ष की दिव्या, तृतीय स्थान पर एमए प्रथम वर्ष की ओलिविँया रहीं, जबकि सांत्वना पुरस्कार बीबीए प्रथम वर्ष की दीक्षा को दिया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की राधिका सैनी, द्वितीय स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की अर्चना, तृतीय स्थान बीबीए प्रथम वर्ष की दीक्षा गोयल ने हासिल किया, जबकि सांत्वना पुरस्कार बीबीए प्रथम वर्ष की निकिता गोयल को प्राप्त हुआ।